# बत्तीसवीं वार्षिक प्रतिवेदन

## 2020-2021

इंडियन वैक्सीन्ज़ कॉरपोरेशन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : गांव मानेसर, मानेसर तालुक, गुरुग्राम, हरियाणा

सीआईएनः यू 74900एचआर1989जीओआई030516

## निदेशक मंडल

| | | |
|---|---|---|
| श्री. श्रीवल्लभ गोयल | निदेशक | (30.07.2009 से प्रभावी) |
| श्री सुधीर कुमार जैन | निदेशक | (31.12.2014 से प्रभावी) |
| डॉ. अलका शर्मा | निदेशक | (23.12.2020 से प्रभावी) |
| डॉ. संजय कुमार मिश्रा | निदेशक | (17.09.2021 से प्रभावी) |
| श्री पंकज कुमार | निदेशक | (28.10.2021 से प्रभावी) |

## बैंक

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
सी.जी.ओ. काम्प्लेक्स, लोधी रोड़
नई दिल्ली–110003

## लेखा परीक्षक

मे. मेहरा एंड सिस्तानी
अपार्टमेंट 101, आई–22
जंगपुरा एक्सटेंशन
नई दिल्ली–110014

## पंजीकृत कार्यालय

गांव मानेसर,
दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच–8)
डाकखाना मानेसर,
जिला – गुड़गांव, (हरियाणा)
पिनकोड – 122050

## प्रधान कार्यालय

ब्लॉक नं. 3, कमरा नं. 526,
5वां तल, सीजीओ कॉम्प्लेक्स
लोदी रोड, नई दिल्ली–110003
टेली : 24361208

## वार्षिक आम बैठक की सूचना

**यह सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कार्यकलापों को सम्पन्न करने हेतु कम्पनी की बत्तीसवीं वार्षिक आम बैठक सोमवार दिनांक 29 नवंबर, 2021 को शाम 04:00 बजे वीडियों कॉनफ्रेंस से हुई है।**

**सामान्य कार्यकलाप**

1. 31 मार्च 2021 के अंकेक्षित तुलन पत्र, 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए हानि–लाभ विवरण व उन पर की गई सभी टिप्पणियों तथा निदेशक व लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन की प्राप्ति, स्वीकार्यता एवं अभिग्रहण।
2. वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए महालेखा नियंत्रक तथा लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त मैसर्स मेहरा एंड सिस्तानी, कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक को देय परितोषक/ फीस को निर्धारित करने के लिए निदेशक मण्डल को अधिकृत करना।

इंडियन वैक्सीन्ज़ कॉरपोरेशन के
निदेशक मण्डल के आदशानुसार

डॉ. संजय मिश्रा
(निदेशक)
डीआईएन : 09327229
पता : डीआईआई,
354, विनय मार्ग
चाणक्यपुरी, नई दिल्ली–110021

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 15.11.2021

# टिप्पणियां :

1. **एक सदस्य को इस बैठक में भाग लेने और मतदान करने की पात्रता है तथा वह स्वयं के स्थान पर एक परिपत्री को नियुक्त कर सकता है तथा इस परिपत्री का कंपनी में सदस्य होना अनिवार्य नहीं है। परिपत्र फार्म के प्रभावी होने के लिए, परिपत्र फार्म का सम्पूर्ण रूप में कम्पनी के कार्यालय में आम सभा के समय कम से कम 48 घंटे पहले पहुंचना आवश्यक है।** कम्पनी की कुल शेयर पूंजी के 10 प्रतिशत से अधिक हिस्से को रखने वाले व्यक्ति को परिपत्री के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव है, तब यह परिपत्री किसी अन्य सदस्य का परिपत्री नहीं बन सकता है।

2. कॉर्पोरेट सदस्य जो अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को बैठक में भाग लेने के लिए भेजने के इच्छुक हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने प्रतिनिधि को बैठक में भाग लेने और मतदान करने के लिए बोर्ड के संकल्प से अधिकृत करते हुए विधिवत् प्रमाणित प्रति भेजें।

3. बैठक शुरू होने के लिए नियत समय से 24 घण्टे पहले की अवधि के दौरान और बैठक के निष्कर्ष के समापन पर एक सदस्य को कंपनी के व्यापार कार्य समय के दौरान किसी भी समय दर्ज किए गए परिपत्रियों का निरीक्षण करने की पात्रता होगी, बशर्तें कि कंपनी को लिखित में कम से कम तीन दिन पहले सूचना दी जाती है।

4. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 170 के तहत निदेशकों और उनकी शेयर धारिता के रजिस्टर का अनुरक्षण किया गया है और संविदाओं या व्यवस्थाओं के रजिस्टर बनाए गए हैं, जिनमें निदेशकों की रुचि है, इन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के तहत अनुरक्षित किया गया है तथा सूचना और व्याख्यात्मक कथनों में संदर्भित सभी दस्तावेज वार्षिक आम सभा के समापन तक इसके साथ पंजीकृत कार्यालय में सभी कार्य दिवसों पर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच कार्य समय के दौरान सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगे।

5. एक उपस्थिति की पर्ची और परिपत्री प्रपत्र संलग्न हैं।

6. वार्षिक आम बैठक के स्थल पर पहुंचने के लिए एक मार्ग मानचित्र सहित आसानी से पता लगाने के लिए पहचान के चिन्ह का विवरण संलग्न है।

## उपस्थिति स्लिप

(प्रवेश पर प्रस्तुत की जाए)
इंडियन वैक्सीन्ज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड, वीडियों कॉनफ्रेंस द्वारा
.............................. को ...................... बजे बत्तीसवीं वार्षिक आम बैठक
सीआईएन : यू74900एचआर1989जीओआई030516, टेल. : 011–24361208

फोलियो नं. ..............................

सदस्य का नाम ......................................................... हस्ताक्षर ...................................

अधिकृत प्रतिनिधि का नाम (निकाय निगम)

........................................................................................ हस्ताक्षर ...................................

परिपत्र धारक का नाम : ................................................ हस्ताक्षर ...................................

मैं वीडियों कॉनफ्रेंस द्वारा 32वीं वार्षिक आम बैठक

................................................ ................................................ मे अपनी उपस्थिति दर्ज करता हूं।

**इंडियन वैक्सीन्ज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड, गांव नैनवाल, डाक खाना मानेसर, गुड़गांव**
**सीआईएन : यू74900एचआर1989जीओआई030516, टेल. : 011–24361208**

# प्रपत्र सं. एमजीटी –11
# परिपत्री प्रपत्र

(कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 105 (6) और कम्पनियों (प्रबंधन और प्र ाासन) के 2014 के नियमों के नियम 19(3) के अनुसार)

सीआईएन : यू74900एचआर1989जीओआई030516

कंपनी का नाम : इंडियन वैक्सीन्ज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : गांव नैनवाल, डाक खाना मानेसर, गुड़गांव

| | |
|---|---|
| सदस्य का नाम : | |
| पंजीकृत पता : | |
| ई–मेल आईडी : | |
| फोलियो सं. / क्लाइंट आईडी : | |
| डीपी आईडी : | |

मैं / हम, उपरोक्त कम्पनी के सदस्य जिनके पास उपरोक्त कम्पनी के शेयर हैं इस पत्र के द्वारा नियुक्त करता हूं / करते हैं।

| | |
|---|---|
| **1.** | |
| नाम : | |
| पता : | |
| ई–मेल आईडी : | |
| हस्ताक्षर : . . . . . या उसकी विफलता | |

| | |
|---|---|
| **2.** | |
| नाम : | |
| पता : | |
| ई–मेल आईडी : | |
| हस्ताक्षर : . . . . . या उसकी विफलता | |

| 3. | |
|---|---|
| नाम : | |
| पता : | |
| ई–मेल आईडी : | |
| हस्ताक्षर : . . . . . या उसकी विफलता | |

मैं /हमारे, परिपत्री के रूप में और (मतदान होने पर) कम्पनी की 32वीं वार्षिक आम बैठक/में, जो कि .......................... को विडियों कान्फ्रेस द्वारा हुई है तथा निम्न प्रस्तावों पर या स्थगन उपरान्त मेरा/हमारे, स्थान पर आएंगे और मेरी/हमारी ओर से निम्न प्रस्तावों पर मतदान करेंगे:

| संकल्प सं. | विवरण या संकल्प | के लिए | के विरुद्ध |
|---|---|---|---|
| | **सामान्य कार्यकलाप** | | |
| 1 | 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय विवरण को अभिग्रहण हेतु प्रस्ताव। | | |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए मै. मेहरा एंड सिस्तानी के लिए परिलब्धि / शुल्क का निर्णय करने के लिए निदेशक मंडल को अधिकृत करने हेतु भारतीय नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्ति करने हेतु। | | |

हस्ताक्षर.......................................दिनांक.............के................. 2021

राजस्व मुहर लगाएं

हस्ता. ____________________ हस्ता. ____________________

सदस्य के हस्ताक्षर परिपत्री के हस्ताक्षर

**टिप्पणी : यह परिपत्र फार्म तभी प्रभावी होगा जब इस को सम्पूर्ण रूप में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आम सभा के शुरू होने से कम से कम 48 घंटे पहले जमा कराया जाएगा।**

# निदेशक की रिपोर्ट

## प्रिय अंशधारियों

आपके निदेशकों को कम्पनी के कार्यकलापों के बत्तीसवें वार्षिक प्रतिवेदन और 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के अंकेक्षित वित्तीय लेखा–विवरण प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

## वित्तीय निष्पादन

(हजारों रुपए में)

| क्र. सं. | विवरण | 31.03.2021 | 31.03.2020 |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालन से राजस्व | 3,481 | 2,387 |
| 2. | कर्मचारी लाभ | 1,107 | 1,201 |
| 3. | मूल्यह्रास और परिशोधन | 0 | 2,074 |
| 4. | कर और असाधारण वस्तुओं से पहले लाभ | 1,103 | (3,410) |
| 5. | असाधारण वस्तुएं | (1,083) | (1,083) |
| 6. | आस्थगित कर परिसंपत्ति | 0 | 42 |
| | निवल लाभ / (हानि) | (371) | (4,451) |

## प्रचालन का सारांश

वर्ष के दौरान कंपनी की कोई वाणिज्यिक या उत्पादन गतिविधि नहीं थी।

## शेयर पूंजी

इस समय कम्पनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 50 करोड़ रुपए है जोकि 10 रुपए प्रति शेयर के आधार पर 5 करोड़ शेयरों की कीमत है।

कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी 18,78,93,820 रुपए है जो कि 10 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 1,87,89,382 शेयरों की कीमत है।

## आरक्षित के लिए स्थानांतरण

31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी ने सामान्य आरक्षित में कोई राशि हस्तांतरित नहीं की है।

## लाभांश

वित्तीय वर्ष के अन्त में कम्पनी में संचित हानि है इस लिए निदेशकों ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए किसी लाभांश की सिफारिश नहीं की है।

## सचिव मानक

'निदेशक मंडल की बैठकों' और 'आम बैठकों' से संबंधित लागू सचिवालय मानक अर्थात एसएस–1 और एसएस–2 का क्रमशः कंपनी द्वारा अनुपालन किया गया है।

## निदेशक मंडल

| | | |
|---|---|---|
| श्री सी.पी.गोयल | निदेशक | (30.03.2016 से प्रभावी) |
| डॉ. अलका शर्मा | निदेशक | (23.12.2020 से प्रभावी) |
| श्री रोशन लाल | निदेशक | (23.12.2020 से प्रभावी) |
| श्री श्रीवल्लभ गोयल | निदेशक | (30.07.2009 से प्रभावी) |
| श्री सुधीर कुमार जैन | निदेशक | (31.12.2014 से प्रभावी) |

**बोर्ड बैठकों और निदेशकों की उपस्थिति के विवरण :**

वर्ष के दौरान, बोर्ड की चार (4) बैठकों आयोजित की गई जो 26 जुलाई, 2020, 08 सितंबर, 2020, 24 सितंबर 2020 और 5 जनवरी 2021

| निदेशक का नाम | इनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की सं. | बोर्ड की बैठक में उपस्थित सदस्य की सं. |
|---|---|---|
| श्री रोशन लाल | 1 | 1 |
| श्री वल्लभ गोयल | 4 | 3 |
| डॉ अलका शर्मा | 1 | 0 |
| श्री सुधीर कुमार जैन | 4 | 4 |
| श्री सी.पी. गोयल | 4 | 4 |
| डॉ मोहम्मद असलम | 3 | 3 |

## निदेशक और मुख्य प्रबधकीय कार्मिक

**वर्ष के दौरान निदेशक मंडल के संविधान में परिवर्तन किए गए।**

**निदेशक मंडल ने 05 जनवरी, 2021 को हुई अपनी बैठक में डॉ. अलका शर्मा को 23 दिसंबर, 2020 से कंपनी का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया है।**

**निदेशक मंडल ने 05 जनवरी, 2021 को हुई अपनी बैठक में श्री रोशन लाल को 23 दिसंबर, 2020 से कंपनी के अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।**

**निदेशक मंडल ने 05 जनवरी, 2021 को हुई अपनी बैठक में डॉ. मोहम्मद असलम ने 30 नवंबर, 2020 से कंपनी के निदेशक के रूप में इस्तीफा दे दिया है।**

## निदेशकों के उत्तरदायित्व संबंधी वक्तव्य :

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 की उपधारा (3) के खण्ड (ग) की आवश्यकतानुसार, आपके निदेशक पुष्टि करते हैं कि :

(i) 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वार्षिक लेखा को बनाने में अधिनियम की अनुसूची 3 के तहत निर्धारित आवश्यकताओं के साथ लागू लेखा मानकों को भौतिक प्रस्थान से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ साथ किया गया है;

(ii) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया तथा उनको अविरोध लागू किया तथा निर्णय दिए तथा अनुमान लगाए जो उचित और विवेकपूर्ण हैं ताकि कंपनी के मामलों की स्थिति के बारे में 31 मार्च, 2021 तक और उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की हानि का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दिया जा सके;

(iii) ;पपपद्ध इस अधिनियम के प्रावधान के अनुसार निदेशकों ने उचित व यथेष्ट लेखा अभिलेख अनुरक्षण पर पर्याप्त ध्यान दिया ताकि कम्पनी की परिसंपत्तियों की रक्षा हो सके तथा छल कपट व अन्य विषमताओं को रोका व पकड़ा जा सके;

(iv) निदेशकों ने कंपनी के वार्षिक लेखा को एक चालू इकाई के आधार पर तैयार किया है;

(v) निदेशकों ने कंपनी द्वारा अनुसरण किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से परिचालन कर रहे हैं; तथा

(vi) निदेशकों ने ऐसी पद्धतियां निकाली ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी लागू प्रावधानों का पर्याप्त व प्रभावी ढंग से पालन हो रहा है।

## जोखिम प्रबंधन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (एन) के प्रावधानों के संदर्भ में, कंपनी ने जोखिम प्रबंधन नीति तैयार की है जिसमें जोखिम के तत्वों की पहचान करना भाामिल है, बोर्ड की राय में जिनसे कंपनी के अस्तित्व, जोखिमों का मूल्यांकन, निगरानी और पहचान योग्य जोखिम को कम करने का खतरा हो सकता है।

## धारक कंपनी और सहायक कंपनी, संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियां

भारत सरकार (जीओआई) के पास कंपनी में 67.67 प्रतिशत शेयर हैं, इसलिए कंपनी सरकारी कंपनी की श्रेणी में आती है।

कंपनी के पास कोई सहायक, एसोसिएट और संयुक्त उद्यम कंपनी नहीं है। हालांकि कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एसोसिएट्स कंपनी बनी हुई है।

**सांविधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति :**

सरकार ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 619 के अनुसार महालेखा नियंत्रक व लेखा परीक्षक की सिफारिश पर वर्ष 2020–2021 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों के रूप में मै. मेहरा एंड सिस्तानी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली को नियुक्त किया है।

## लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन

31.03.2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों ने अपना प्रतिवेदन दे दिया है। रिपोर्ट में कोई योग्यता, आरक्षण प्रतिकूल या अस्वीकरण शामिल नहीं है। हालांकि, रिपोर्ट संशोधित और स्व–व्याख्यात्मक है।

इसके अलावा 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए कंपनी के लेखा परीक्षकों द्वारा किसी भी धोखाधड़ी की सूचना नहीं दी गई है।

## संबंधित इकाइयों के साथ संविदा और व्यवस्था

इस वर्ष के दौरान, कंपनी ने किसी भी संविदा में प्रवेश नहीं किया है, संबंधित इकाई के साथ व्यवस्था कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के प्रावधान के तहत आती है, इसलिए एओसी–2 में प्रकटीकरण कंपनी पर लागू नहीं होता है।

## निगम का सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के अनुसार, निगम सामाजिक उत्तरदायित्व समिति का गठन और सीएसआर कार्यो पर खर्च का प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं है।

## आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

कंपनी के पास सभी क्षेत्रों में व्यापार के आकार और कार्य के अनुसार प्रभावी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली कार्यरत है।

## लागत लेखा परीक्षण

कंपनियों के नियम (परीक्षण व परीक्षक) 2014 के अनुसार, लागत परीक्षा प्रावधान आपकी कंपनी पर लागू नहीं है।

## दिए गए ऋणों, किए गए निवेशों, दी गई गारंटी एवं प्रदान की गई प्रतिभूतियों के विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने कोई ऋण, गारंटी और प्रतिभूति प्रदान नहीं की है।

### जमा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 के संदर्भ में कंपनी (जमा की स्वीकृति) नियम 2014 के साथ पठित नियम के अनुसार तुलना पत्र की क्लोजर तिथि के अनुसार कंपनी ने न तो वर्ष के दौरान कोई जमा राशि ली है और न ही मूलधन या ब्याज की कोई राशि बकाया थी।

## ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी समावेशन तथा विदेशी मुद्रा कमाई व खर्चे

## (क) ऊर्जा संरक्षण

| | | |
|---|---|---|
| (i) | ऊर्जा संरक्षण के लिए किए गए कार्य और उनके प्रभाव | क्योंकि आपकी कंपनी इस समय कोई व्यापारिक कार्य नहीं कर रही है, विवरण शून्य हैं |
| (ii) | ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत हेतु कंपनी द्वारा उठाए गए कदम | |
| (iii) | ऊर्जा संरक्षण उपस्करों पर पूंजीगत निवेश | |

## (ख) तकनीकी समावेश

| | | |
|---|---|---|
| (i) | तकनीकी समावेश हेतु किए गए प्रयत्न | क्योंकि आपकी कंपनी इस समय कोई व्यापारिक कार्य नहीं कर रही है, विवरण शून्य हैं |
| (ii) | लाभ प्राप्त हुए जैसे उत्पाद में सुधार, खर्च में कमी, उत्पाद विकास या आयात प्रतिस्थापन | |
| (iii) | आयातित प्रौद्योगिकी के मामले में (पिछले तीन वर्षों के दौरान आयात को वित्तीय वर्ष की शुरूआत से लिया जाए) | लागू नहीं |
| | (क) आयात की गई प्रौद्योगिकी के विवरण | |
| | (ख) आयात का वर्ष | |
| | (ग) क्या प्रौद्योगिकी पूरी तरह समामेलित की गई | |
| | (घ) यदि पूरी तरह समामेलित नहीं की गई तो वे क्षेत्र जहां समामेलन नहीं किया गया और इसके कारण | |
| (iv) | अनुसंधान और विकास पर किए गए व्यय | शून्य |

## (ग) विदेशी मुद्रा कमाई और खर्च

वर्ष के दौरान, विदेशी मुद्रा में कमाई और खर्च नहीं है।

## वार्षिक विवरण का उद्धरण

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 92 (3) व कम्पनी के नियम 12 (1) (प्रबंधन व प्रशासन) नियम के अनुसार कंपनी के वार्षिक विवरण का उद्धरण एम.जी.टी.नौ की रिपोर्ट के साथ अनुलग्नक 1 के रूप में संलग्न है।

## कर्मचारियों का विवरण

आपकी कंपनी एक अनुसूचीबद्ध कंपनी होने के नाते, कंपनियां (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति व पारिश्रमिक) नियम 2014 के नियम 5 (2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के तहत आवश्यक रूप में कर्मचारी पारिश्रमिक के विवरण कंपनी के लिए लागू नहीं हैं।

## नियामकों द्वारा महत्वपूर्ण आदेश

किसी नियामक, न्यायालय और अधिकरण द्वारा कोई बड़ा या महत्वपूर्ण आदेश पारित नहीं हुआ है, जिससे कम्पनी की चालू इकाई स्थिति या भावी प्रचालन पर कोई प्रभाव हो।

## यौन उत्पीड़न की रोकथाम

वर्ष 2020–21 के दौरान प्राप्त और निपटाए गए यौन उत्पीड़न की शिकायतों का सारांश निम्नलिखित है।

प्राप्त शिकायतों की संख्या : शून्य

निपटाए गए शिकायतों की संख्या : शून्य

## अभिस्वीकृति

आप के निदेशक सभी सदस्यों का, उनके द्वारा समीक्षित वर्ष के लिए दी सहायता और सहयोग के लिए सच्चे मन से आभार प्रकट करते हैं।

आपके निदेशक कर्मचारियों द्वारा किए गए अथक परिश्रम और उनकी निष्कपटता के लिए उनकी सराहना करते हैं, और उसे लेखबद्ध करना चाहते हैं।

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**
**इंडियन वैक्सीन्ज कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

(डा संजय मिश्रा)
**निदेशक**
**डीआईएन :** 09327229
पता : डीआईआई, 354,
विनय मार्ग चाणक्यपुरी,
नई दिल्ली 110021

**(श्री. सुधीर कुमार जैन)**
**निदेशक**
**डीआईएन : 05205213**
पता : चौथा तल, घर नं. 47,
डीडीए साइट –I, शंकर रोड़,
न्यू राजेन्द्र नगर,
नई दिल्ली –110060

**दिनांक : 15.11.2021**
**स्थल :** नई दिल्ली

## अनुलग्नक 1
## प्रपत्र सं. एमजीटी–9
## वार्षिक विवरणी का उद्धहरण
## 31.03.2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अनुसार
## कंपनी अधिनियम 2013 के खण्ड 92 (3) और कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 12 (1) के अनुसार

## I. पंजीकरण और अन्य विवरण

| | | |
|---|---|---|
| i. | सीआईएन | यू74900एचआर1989जीओआई030516 |
| ii. | पंजीकरण की तिथि | 27.03.1989 |
| iii. | कंपनी का नाम | इंडियन वैक्सीन्ज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड |
| iv. | कंपनी की श्रेणी / उप श्रेणी | शेयरों द्वारा सीमित कंपनी |
| v. | पंजीकृत कार्यालय का पता और संपर्क विवरण | गांव : नैनवाल, डाक खाना मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा, फोन नं. – 011–24361208 |
| vi. | सूचित कंपनी है या नहीं | नहीं |
| vii. | रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट का नाम, पता और संपर्क विवरण, यदि कोई हो | मेसर्स के फिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड कार्वी सेलेनियम, टावर बी, प्लॉट नं– 31 और 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगामपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत, 500032<br>संपर्क नं. : 040–67162222 |

## II. कंपनी की मुख्य व्यापारिक गतिविधियां

सभी व्यापारिक गतिविधियां जिनका योगदान कंपनी के पूर्ण टर्न ओवर में 10 प्रतिशत या इससे अधिक हो।

| क्र.सं. | मुख्य उत्पाद / सेवाओं का नाम और विवरण | उत्पाद / सेवाओं का एनआईसी कोड | कंपनी के कुल कारोबार का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | जमीन का किराया | 68100 | 100 प्रतिशत |

## III. धारिता, सहकारी व साझेदारी कम्पनियों का विवरण

| क्र.सं. | कंपनी का नाम और पता | सीआईएन / जीएलएन | होल्डिंग / सहायक / एसोसिएट | धारित शेयरों का प्रतिशत | अनुप्रयोग धारा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

IV. शेयरधारित के पैटर्न (कुल इक्विटी के प्रतिशत के रूप में इक्विटी शेयर पूंजी का विवरण)

i) शेयर धारकों की श्रेणी

| शेयर धारकों की श्रेणी | वर्ष की शुरूआत में धारित शेयरों की संख्या | | | | वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या | | | | वर्ष के दौरान प्रतिशत बदलाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | डिमेट | भौतिक | कुल | कुल भोयर का प्रतिशत | डिमेट | भौतिक | कुल | कुल भोयर का प्रतिशत | |
| **(क) प्रमोटर्स** | | | | | | | | | |
| **(1) भारतीय** | | | | | | | | | |
| (क) व्यक्ति / एचयूएफ | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (ख) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार | शून्य | 12526256 | 12526256 | 66.67 | शून्य | 12526256 | 12526256 | 66.67 | शून्य |
| (ग) निकाय निगम | 6263126 | शून्य | 6263126 | 33.33 | 6263126 | शून्य | 6263126 | 33.33 | शून्य |
| (घ) बैंक / एफआई | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| (ङ) अन्य | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| महायोग (क) (1) | 6263126 | 12526256 | 18789382 | 100 | 6263126 | 12526256 | 18789382 | 100 | शून्य |
| **(2) विदेशी** | | | | | | | | | |
| (क) एनआरआई व्यक्ति | | | | : | | | | | |
| (ख) अन्य व्यक्ति | | | | | | | | | |
| (ग) निकाय निगम | | | | | | | | | |
| (घ) बैंक / एफआई | | | | शून्य | | | | | |
| (ङ) अन्य | | | | | | | | | |
| महायोग (क) (2) | ----- | ----- | ----- | शून्य | ----- | ----- | | ----- | ----- |
| प्रमोटरों की कुल शेयरधारितां (क) = (क)(1)+(क)(2 | 6263126 | 12526256 | 18789382 | 100 | 6263126 | 12526256 | 18789382 | 100 | शून्य |
| **(ख) सार्वजनिक शेयरधारिता** | | | | | | | | | |
| (1) संस्थान | | | | : | | | | | |
| क) म्युचुअल फंड | | | | | | | | | |
| ख) बैंक / एफआई | | | | | | | | | |
| ग) केन्द्रीय सरकार | | | | | | | | | |
| घ) राज्य सरकार | | | | | | | | | |
| ङ) उद्यम पूंजी निधि | | | | शून्य | | | | | |
| च) इंश्योरेंस कंपनी | | | | | | | | | |
| छ) एफआईआईएस | | | | | | | | | |
| ज) विदेशी उद्यम पूंजी निधि | | | | | | | | | |
| i) अन्य (विशिष्ट) | | | | शून्य | | | | | |
| महायोग (ख) (1) | ----- | ----- | ----- | शून्य | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (2) गैर संस्थान<br>क) निकाय निगम<br>i) भारतीय<br>ii) प्रवासी<br>ख) व्यक्तिगत<br>i) 1 लाख रुपए तक नाममात्र भोयर पूंजी रखने वाले व्यक्तिगत भोयरधारक<br>ii) 1 लाख से अधिक में नाममात्र भोयर पूंजी रखने वाले व्यक्तिगत भोयरधारक<br>ग) अन्य (विि ाश्ट) | | | | शून्य | | | | | |
| महायोग (ख) (2) : | ----- | ----- | ----- | शून्य | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- |
| कुल सार्वजनिक शेयरधारिता (ख)= (ख)(1)+(ख)(2) | ----- | ----- | ----- | शून्य | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- |
| ग. जीडीआर और एडीआर के लिए संरक्षकों द्वारा धारित भोयर | ----- | ----- | ----- | शून्य | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- |
| महायोग (क+ख+ग) | 6263126 | 12526256 | 18789382 | 100 | 6263126 | 12526256 | 18789382 | 100 | शून्य |

## ii) प्रमोटरों की शेयरधारिता

| क्र. सं. | शेयरधारक का नाम | वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता | | | वर्ष के अंत में शेयरधारिता | | | वर्ष के दौरान शेयरधारिता में प्रतिशत का बदलाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत | कुल शेयरों के गिरवी / ऋणग्रस्त कुल शेयरों का प्रतिशत | शेयरों की संख्या | कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत | कुल भोयरों के गिरवी / ऋणग्रस्त कुल शेयरों का प्रतिशत | |
| 1. | जी.ओ.आई. | 12526256 | 66.67% | शून्य | 12526256 | 66.67% | शून्य | शून्य |
| 2. | आरआईएल | 6263126 | 33.33% | शून्य | 6263126 | 33.33% | शून्य | शून्य |

## iii) प्रवर्तकों की शेयर धारिता में परिवर्तन (कृपया यदि परिवर्तन नहीं है तो स्पष्ट करें)

| क्र. सं. | | वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता | | वर्ष के दौरान संचयी शेयर धारिता | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की सं. | कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत | शेयरों की सं. | कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत |
| | वर्ष के आरंभ में | 1 87 89 382 | 100 | 1 87 89 382 | 100 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | वृद्धि / कमी (अर्थात आबंटन / स्थानांतरण / बोनस / स्वीट इक्विटी आदि) के कारणों को निर्दिष्ट करते हुए वर्ष के दौरान प्रमोटरों की भोयरधारिता में तिथि वार वृद्धि / कमी | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| | वर्ष के अंत में | 1 87 89 382 | शून्य | 1 87 89 382 | 100% |

4) सर्वोच्च दस शेयर धारियों का प्रतिरूप (निदेशकों, प्रवर्तकों और जी.डी.आर. तथा ए.डी.आर. धारकों को छोड़कर) – शून्य

5) निदेशकों एवं महत्वपूर्ण प्रबंधकीय वर्ग की शेयर धारिता – शून्य

6) ऋणग्रस्तता – शून्य

7) निदेशकों एवं महत्वपूर्ण प्रबंधकीय वर्ग का पारिश्रमिक – शून्य

क. प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशक और / या प्रबंधक को परिलब्धि
ख. अन्य निदेशकों को परिलब्धि
ग. कंपनी सचिव का 2020–21 का परिश्रमिक 3,00,000/– हैं।

8) जुर्माना/दण्ड/ संयोजित अपराध – शून्य

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**
**इंडियन वैक्सीन्ज कॉरपोरेशन लिमिटेड**

तिथि : 15.11.2021
स्थान : नई दिल्ली

(डॉ. संजय मिश्रा)
**निदेशक**
**डीआईएन :** 09327229
पता : डीआईआई, 354,
विनय मार्ग चाणक्यपुरी,
नई दिल्ली 110021

सुधीर कुमार जैन
(निदेशक)
डीआईएन : 05205213
पता : चौथा तल, घर नं. 47,
डीडीए साइट –1, शंकर रोड, न्यू राजेन्द्र नगर,
नई दिल्ली –110060

# स्वतंत्र लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन

## इंडियन वैक्सीन्ज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सदस्यों के लिए

## वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर प्रतिवेदन

### अभिमत

इंडियन वैक्सीन्ज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड (कम्पनी) के 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के संलग्न वित्तीय विवरणों जिन में तुलन–पत्र तथा वर्ष समाप्ति पर हानि–लाभ खाते तथा रोकड़ प्रवाह विवरण महत्वपूर्ण लेखा नीतियों और अन्य स्पष्टीकरणों में दी गई सूचना है, उनका अंकेक्षण हमने किया है।

हमारे विचार में और हमारी अधिकतर जानकारी तथा हमें दी गई व्याख्या के अनुसार उपरोक्त वित्तीय लेखा विवरण, कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा वांछित जानकारी निहित रीति में तथा भारत में सामान्य रूप से मान्य लेखा सिद्धान्तों के अनुरूप कम्पनी के 31 मार्च 2021 तक के लेखा जोखा, हानि और इस तिथि को समाप्त वर्ष के रोकड़ प्रवाह के विषय में सही तथा उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।

## अभिमत के आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के तहत लेखा परीक्षण मानकों (एसए) के अनुसार अपना लेखा परीक्षण किया है। इन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण अनुभाग की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियों में आगे वर्णित किया गया है। हम कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और नियमों के तहत वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षण के लिए संगत नैतिक आवश्यकताओं के साथ भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा मानना है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

## महत्वपूर्ण विषयवस्तु

हम वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों के विषय में ध्यान आकर्षित करते हैं :

क) वित्तीय विवरणों के विषय में टिप्पणी संख्या 9.1 जिसमें दिल्ली उच्च न्यायलय के समक्ष दायर याचिका के परिणाम की अनिश्चितता के बारे में बताया गया है।

ख) कंपनी को वित्तीय विवरण के लिए टिप्पणी 9 में 2,26,09,370 रुपए की शंकास्पद वसूली के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिसके कारण वर्तमान परिसंपत्तियों का अधिक मूल्य घटा है और वर्ष के लिए नुकसान पूर्वोक्त राशि के आधार पर कम है।

ग) कंपनी ने आयकर की 30,68,370 रु. मांग सहित ब्याज के लिए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 220 के अधीन आकलन वर्ष 2013–14 के लिए कोई प्रावधान नहीं बनाया है, जिसे आकलन अधिकारी द्वारा उठाया गया और जिसके लिए आयकर अधिनियम की धारा 264 के तहत कम्पनी के पुनरीक्षण की याचिका को आयकर आयुक्त 04, नई दिल्ली द्वारा खारिज किया गया था। कथित आदेश के प्रति कम्पनी द्वारा कोई अपील दायर नहीं की गई है।

इन मामलों के संबंध मे हमारी राय संशोधित है ।

## अन्य सूचना

कंपनी का प्रबंधन और निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। अन्य जानकारी में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल जानकारी शामिल है, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और इस पर हमारी रिपोर्ट शामिल नहीं है। वित्तीय वक्तव्यों पर हमारी राय में अन्य जानकारी को कवर नहीं किया गया है और हम इस पर आश्वासन निष्कर्ष के किसी भी रूप को व्यक्त नहीं करते हैं। वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षण के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारी को पढ़ने की है और ऐसा करने पर, विचार करें कि क्या वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी भौतिक रूप से असंगत है या लेखा परीक्षा में प्राप्त हमारा ज्ञान अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होता है। यदि, हमने जो काम किया है, उसके आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी की सामग्री गलत है, तो हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। हमें इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

## वित्तीय विवरणों के विषय में अधिकारीगण का उत्तरदायित्व

वित्तीय विवरणों के विषय में कंपनी के प्रबंधन और निदेशक मंडल का दायित्व है कि वह कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) की धारा 134 (5) में लिखित विषयवस्तु के अनुसार कंपनी के वित्तीय विवरणों का इस प्रकार नियोजन करें कि वह कंपनी की वित्तीय स्थिति और वित्तीय निष्पादन का सही और उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत करें तथा जो भारत में सामान्य रूप से मान्य लेखा सिद्धान्तों और अधिनियम की धारा 133 में निर्देशित लेखा मानक के अनुरूप हों। इस उत्तरदायित्व में कम्पनी की संपत्तियों की छलकपटता और अन्य विषमताओं से सुरक्षा हेतु और कम्पनी अधिनियम के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेख अनुरक्षक सम्मिलित है और लेखा सिद्धांतों का चयन और पालन करना उचित और विवेकपूर्ण निर्णय करना, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की रचना और निष्पादन करना भी सम्मिलत है, ताकि सुनिश्चित हो सके कि लेखा अभिलेख पूर्ण रूप से सही हैं तथा वित्तीय विवरणों के आयोजन और निष्पादन इस प्रकार हो सके ताकि उनमें चूक से या कपट से कोई मिथ्या कथन न हो और वह एक उचित और सच्चा दृष्टिकोण प्रस्तुत करें।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, प्रबंधन और निदेशक मंडल कंपनी के एक चालू संगठन के रूप में जारी रखने की क्षमता का आकलन करने, जैसा लागू हो, चालू संगठन से संबंधित मामले और लेखा को चालू संगठन के रूप में उपयोग करने से संबंधित मामले के लिए जिम्मेदार होते हैं जब तक कि निदेशक मंडल या तो कंपनी का संचालन बंद करने का इरादा रखता है, या ऐसा करने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प नहीं है।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए भी जिम्मेदार है।

## वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या संपूर्ण रूप से वित्तीय विवरण सामग्री के गलत कथन से मुक्त हैं, चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण, और एक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करने के लिए जिसमें हमारी राय भी शामिल है। उचित आश्वासन यह उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसार आयोजित लेखा परीक्षा में हमेशा किसी सामग्री के गलत विवरण मौजूद होने पर इसका पता लगाया जाएगा। गलत कथन धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और इन्हें सामग्री माना जाता है, यदि व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर इन वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोगक्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की अपेक्षा की जा सकती है।

एसए के अनुसार एक लेखा परीक्षा के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरे लेखा परीक्षा में पेशेवर संदेह को बनाए रखते हैं। हम भी कहते हैं :

क) वित्तीय विवरणों की सामग्री के गलत विवरण के जोखिमों को पहचानें और उनका आकलन करें, चाहे

धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण, उन जोखिमों के लिए उत्तरदायी प्रक्रियाओं को डिजाइन और निष्पादित करें, और लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करें जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित हो। धोखाधड़ी से उत्पन्न सामग्री के गलत विवरण का पता न लगाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाली एक गलती से होने की तुलना में अधिक है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण के ओवरराइड शामिल हो सकते हैं।

ख) लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के लिए लेखा परीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करना जो परिस्थितियों में उपयुक्त हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (3) (1) के तहत, हम इस बात पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और इस तरह के नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता है।

ग) उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटनों की तर्कशीलता का मूल्यांकन करें।

घ) प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्यों के आधार पर प्रबंधन द्वारा लेखा के चालू संगठन के आधार पर उपयोग की उपयुक्तता के संबंध में निष्कर्ष निकालना, क्या ऐसी घटना या परिस्थितियों से संबंधित कोई सामग्री अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी के चालू संगठन के होने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह कायम कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई सामग्री अनिश्चितता मौजूद है तो हमें अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटनों पर ध्यान देने या यदि इस तरह के प्रकटन अपर्याप्त हैं, तो हमारी राय को संशोधित करने की आवश्यकता है। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाएं या स्थितियां कंपनी को चालू संगठन बने रहने से रोक सकती हैं।

ङ) प्रकटनों सहित वित्तीय वक्तव्यों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करें, और क्या वित्तीय विवरण एक तरीके से अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं जो निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त करते हैं।

हम अन्य मामलों में, लेखा परीक्षा की योजनाबद्ध गुंजाइश और समय और महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों के साथ, आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमियों को शामिल करते हैं, जिसे हम अपने लेखा परीक्षा के दौरान पहचानते हैं।

हम शासन से जुड़े उन लोगों को भी एक कथन प्रदान करते हैं जिन्हें हमने स्वतंत्रता के संबंध में संगत नैतिक आवश्यकताओं के साथ अनुपालन किया है और उन सभी रिश्तों और अन्य मामलों के साथ संवाद करने के लिए जिन्हें हमारी स्वतंत्रता को वहन करने के लिए उचित माना जा सकता है, और जहां संबंधित सुरक्षा उपाय लागू हो।

शासन के साथ जुड़े मामलों से संप्रेषित मामलों से, हम उन मामलों को निर्धारित करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों के लेखा–परीक्षण में सबसे अधिक महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण नहीं करता है या जब अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में किसी मामले का संचार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के दुष्परिणामों की यथोचित इस तरह के संचार के सार्वजनिक हित लाभ की ओर झुकने की अपेक्षा होगी।

## अन्य वैध और विनियम संबंधी आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन।

1. कम्पनी के (परीक्षकों का प्रतिवेदन) के विषय में अधिनियम की धारा 143 (11) के अंतर्गत केंद्रीय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश वर्ष 2016 (आदेश) की अपेक्षा के अनुसार हमारा वक्तव्य संबंधित आदेश के पैरा 3 और 4 में दिए गए विषयों में अनुलग्नक 'क' पर संलग्न है।

2. अधिनियम की धारा 143 (3) की अपेक्षा अनुसार हमारा प्रतिवेदन है कि :–

क. हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार अंकेक्षण हेतु जिस सूचना और स्पष्टीकरणों की हमें आवश्यकता थी वह हमने प्राप्त कर लिए है।

ख. हमारी राय में खातों को देखने से पता चलता है कि विधि के अनुसार आवश्यक सभी खाते कंपनी ने उचित ढंग से रखे हुए हैं।

ग. इस प्रतिवेदन से जिस तुलन–पत्र एवं हानि–लाभ खाते का संबध है वह बहियों में दर्शाए खातों के अनुरूप है।

घ. हमारे विचार में तुलन–पत्र तथा हानि लाभ खाते कम्पनी अधिनियम की धारा 133 में निर्दिष्ट लेखाविधि मानक का तथा कम्पनी के नियमों (लेखा) 2014 के नियम 7 का पालन करते हैं,

ङ कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता के संबंध में और उक्त नियंत्रणों की प्रचालन प्रभावशीलता के साथ हम अपनी पृथक रिपोर्ट 'अनुलग्नक ख' में संलग्न करते हैं।

च कम्पनियों (परीक्षण व परीक्षक) के नियम 2014 के नियम 11 के अनुसार अन्य विषय जो कि परीक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित होने है, हमारे विचार और हमें दी गई सूचना व स्पष्टीकरणों अनुसार निम्न है :

i. कम्पनी ने लंबित मुकदमों की वित्तीय व्यवस्था व वित्तीय विवरणों पर प्रभाव के विषय में जानकारी दी है – वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या नं. 9.1 और 19 देखें।

ii. कम्पनी में कोई दीर्घकालिक व व्युत्पादित अनुबंध नहीं है जिससे निकट भविष्य में कोई हानि का अनुमान हो।

iii. ऐसी कोई राशि नहीं थी जो निवेशक शिक्षा व आरक्षण कोष में कम्पनी द्वारा देय है।

3. कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (5) की आवश्यकता अनुसार हम प्रतिवेदित करते हैं :

क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए प्रणाली नहीं है।

ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान ऋण चुकाने के लिए कंपनी की असमर्थता के कारण ऋणदाता द्वारा कंपनी को दिए गए डेबिट / ऋणों / ब्याज आदि की छूट / बट्टे खाते के मौजूदा ऋण या मामलों का पुनर्गठन नहीं किया गया था।

ग) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी को वर्ष के दौरान केंद्रीय / राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए / प्राप्य निधि प्राप्त नहीं हुई है।

**मेहरा एंड सिस्तनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट

(संजीव राय मेहरा)
भागीदार सदस्यता सं. 080402
एफ. आर. सं. 000409एन
यूडीआईएन : 21080402एएएएफपी1533

स्थल : नई दिल्ली
दिनांक : 1 सितंबर 2021

## स्वतंत्र लेखा प्रतिवेदन के साथ अनुलग्नक

हमारी समान तिथि की रिपोर्ट में जिसका उल्लेख शीर्षक ''अन्य कानूनी और विनियम सम्बंधी आवश्यकताएं'' के पैरा 1 में है :

1. अचल परिसंपत्तियों के विषय में :

क) कंपनी ने अचल परिसंपत्तियों के अभिलेख उपयुक्त ढंग से रखे हुए हैं तथा उन में मात्रात्मक विवरण और स्थिति पूर्ण रूप से दर्शाए गए हैं।

ख) प्रबंधन द्वारा अचल परिसंपत्तियों का यथोचित अंतराल पर प्रत्यक्ष सत्यापन नही किया गया है वित्तीय वर्ष 2020–21 में ।

ग) हमें दी गई सूचना और व्याख्या के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की जांच से शीर्ष विलेख की वैधता के कानूनी निर्धारण के अधीन, सभी अचल परिसंपत्तियां कंपनी के नाम पर रखी गई हैं।

2. सामान सूची के विषय में :

क्योंकि कंपनी किसी व्यवसायिक प्रक्रिया में सम्मलित नहीं है इसलिए कोई सामान सूची कम्पनी में नहीं है।

3. हमें दी गई सूचना और व्याख्या अनुसार कंपनी ने किसी कंपनी या फर्म या किसी और पार्टी से जो कंम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 189 के अंतर्गत रखे रजिस्टर में सम्मलित हो, ना तो प्रतिभूति और न ही प्रतिभूति–रहित कोई ऋण लिया है और न ही कोई ऋण दिया है, अतः पैरा 3 के खण्ड (3) कंपनी पर लागू नहीं है।

4. हमारे विचार और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने निवेश, ऋण, गारंटी और प्रतिभूतियों के संबंध में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 185 और 186 की आवश्यकताओं का पालन किया है।

5. हमारे विचार और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार और धारा 73 और 76 या अधिनियम के अन्य किसी संगत प्रावधान और इनके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार कोई जमा राशि स्वीकार नहीं की है। अतः आदेश के पैरा 3 के खण्ड (ट) का प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं है।

6. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148 (1) के अंतर्गत भारत सरकार ने कम्पनी के द्वारा निर्मित कुछ वस्तुओं के लिए लागत अभिलेख का प्रावधान किया है परन्तु कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148 (1) के अंर्तगत लागत अभिलेख रखना कंपनी पर लागू नहीं है।

### 7. सांविधिक देयताओं के विषय में :

क) कंपनी के अभिलेखों के अनुसार कंपनी अविवादित सांविधिक देयताओं, जिन में भविष्य निधि, कर्मचारी राजकीय बीमा, आयकर, बिक्री कर, सम्पत्ति कर, सेवाकर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्धित कर, उपकर अथवा अन्य सांविधिक देय शामिल है, को नियमित रूप से संबंधित अधिकारी के पास जमा करती है। हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार उपरोक्त देयता के विषय में कोई भी अविवादित राशि देय तिथि से 6 मास से अधिक समय तक 31 मार्च 2021 को बकाया नहीं थी :

i)

| विधान का नाम | देय का प्रकार | राशि (रु.) | अवधि जिससे राशि संबंधित है | देय तिथि | भुगतान की तिथि | टिप्पणी यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आयकर अधिनियम, 1961 | 156 के तहत मांग | 30,68,867 | आकलन वर्ष 2013 – 14 | 27.01.2016 | - | कंपनी ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 264 के तहत एक संशोधन आवेदन दायर किया है। आयकर 04, नई दिल्ली के प्रधान आयुक्त द्वारा खारिज कर दिया गया है। |

ख) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार निम्नलिखित के अतिरिक्त आयकर, बिक्री कर, सम्पति कर, सेवा कर, सीमा शुल्क एवं उपकर की कोई राशि ऐसी नहीं है जो कि विवाद के कारण संबंधित अधिकारी के पास लम्बित है, सिवाय इन्हें छोड़कर :

| आकलन वर्ष | मंच | मांग की गई राशि | जमा राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1992-93 | सर्वोच्च न्यायालय | 84.69 लाख रुपए | 69.20 लाख रुपए | माननीय उच्च न्यायलय ने कंपनी के विरुद्ध फैसला किया था और कंपनी की एसएलपी माननीय सर्वोच्च न्यायालय में स्वीकार की गई है किन्तु मामले को अब तक सूचीबद्ध नहीं किया गया है। |

8. हमारे लेखा परीक्षण की प्रक्रिया के आधार पर और हमें दी गई सूचना तथा व्याख्या के अनुसार, हमारी राय यह है कि कंपनी ने वित्तीय संस्थानों या बैंकों, सरकार या डिबेंचर धारकों को ऋण या उधार के पुनः भुगतान में कोई चूक नहीं की है।

9. हमें दी गई सूचना तथा व्याख्या के अनुसार आरंभिक सार्वजनिक पेशकश या आगे सार्वजनिक पेशकश (ऋण साधनों सहित) द्वारा धन की उगाही और वित्तीय वर्ष के दौरान सावधि ऋण नहीं लिए गए।

10. हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और हमें दी गई सूचना तथा व्याख्या के अनुसार, कंपनी द्वारा कोई छलकपट नहीं किया गया है या कंपनी पर इसके अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कोई छलकपट वर्ष के दौरान न तो देखे गए और न ही रिपोर्ट किए गए हैं।

11. कंपनी की बहियों और रिकॉर्ड की हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार और हमें दी गई सूचना तथा व्याख्या के अनुसार कंपनी किसी प्रकार से प्रबंधकीय परिलब्धि का भुगतान नहीं करती है।

12. हमें दी गई सूचना तथा व्याख्या के अनुसार हमारी राय में कंपनी एक निधि कंपनी नहीं है। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ 3 के खण्ड (12) के अनुसार यह कंपनी पर लागू नहीं है।

13. हमें दी गई सूचना तथा व्याख्या के अनुसार संबंधित पक्षकारों के साथ सभी लेन देन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188 के अनुपालन में किए गए हैं और उक्त लेन देनों के विवरण वित्तीय वक्तव्यों में प्रकट किए गए हैं, जैसा लागू लेखा मानकों के अनुसार आवश्यक है।

14. हमें दी गई सूचना तथा व्याख्या के अनुसार और हमारी राय में कंपनी ने कोई अधिमानी आबंटन या शेयरों अथवा डिबेंचरों का निजी नियोजन वर्ष के दौरान नहीं किया है। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ 3 के खण्ड (14) के अनुसार यह कंपनी पर लागू नहीं है।

15. कंपनी की बहियों और रिकॉर्ड की हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार हमें दी गई सूचना तथा व्याख्या के अनुसार, कंपनी ने निदेशकों या उनसे संबंधित व्यक्तियों के साथ गैर नकद के कोई लेन देन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 192 के प्रावधानों के अनुपालन में नहीं किए हैं। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ 3 के खण्ड (15) के अनुसार यह कंपनी पर लागू नहीं है।

16. हमारी राय में, कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 1ए के तहत पंजीकृत कराने की आवश्यकता नहीं है और तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ 3 के खण्ड (16) के अनुसार यह कंपनी पर लागू नहीं है।

**मेहरा एंड सिस्तनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट

(संजीव राय मेहरा)
भागीदार
सदस्यता सं. 080402
एफ. आर. सं. 000409एन
यूडीआईएन : 21080402एएएएफपी1533

स्थल : नई दिल्ली
दिनांक : 1 सितंबर 2021

### स्वतंत्र लेखा प्रतिवेदन के साथ अनुलग्नक 2

**समान तिथि की हमारी रिपोर्ट के शीर्षक 'अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' के तहत पैराग्राफ 2 (च) में संदर्भित अनुलग्नक।**

**कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 143 की उपधारा 3 के खण्ड (1) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट।**

हमने 31 मार्च 2021 के अनुसार इण्डियन वैक्सीन्ज़ कॉर्पोरेशन ('कंपनी') की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय वक्तव्यों के अपने लेखा परीक्षण के अनुसार किया है।

## आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन के दायित्व

